डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, वीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | कार्तिक शुक्ल 04 – 2083 | भोपाल,दिन शनिवार 14,नवम्बर 2026

न्यूज गैलरी

न घोषणा न आदेश, पिछोर को जिला बनाने का भरोसा

शिवपुरी। शिवपुरी से बड़ा पिछोर को नया जिला बनाने का 2023 का चुनावी वादा अब भी अधूरा है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने 3 बार मांग उठाई और मंच से 4 बार लिखित ज्ञापनों के नारे लगे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा याद दिलाई। मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर 2027 में सिफारिश करने का भरोसा दिया। जनसंख्या के कारण प्रदेश में 31 मार्च 2027 तक प्रशासनिक सीमाएं तय होंगी। इस दौरान गए जिले या तहसील का गठन और सीमाओं में बदलाव नहीं हो सकता। ऐसे में पिछोर को जिला बनाने की प्रक्रिया अप्रैल से पहले शुरू नहीं हो सकेगी।

शादी का वादा कर शोषण, 5 हजार का इनामी गिरफ्तार

भोपाल। टीटी नगर पुलिस ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और बाद में शादी से इनकार करने के आरोपी कॉन्सेप्ट राजपूत को गिरफ्तार किया। आरोपी पर 5 हजार रुपए का इनाम था। थाना प्रभारी गौरव सिंह चौहान की टीम ने सरदारपुर जिले के ग्राम दतलीपुरा भांडारा से उसे पकड़ा। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

ट्रेन के सफर में महिला का जेवरों से भरा पर्स चोरी

भोपाल। 60 वृद्धा सतना रायपुर जा रही थीं। भोपाल निवासी रामरती सिंह (60) का छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के एस-5 कोच से पर्स चोरी हो गया। 12 नवंबर को नागपुर स्टेशन के पास नींद खुलने पर उन्हें नगर 17 से बैग गायब मिला। उसमें सोने-चांदी के जेवर, मोबाइल और 3 हजार रुपए नकद थे। रायपुर जीआरपी ने केस नागपुर जीआरपी को जांच के लिए भेजा है।

सफाईकर्मी ने फांसी लगाई, कई दिन से दे रहा था धेतावनी

भोपाल। ओलंपिक की सर्वेमर्स कॉलोनी निवासी सफाईकर्मी सोनू पंजाबात (40) ने गुरुवार को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह कई दिनों से परिजनों से कह रहा था कि मर जाएगा। दूसरी घटना गुलाना की – ग्राम खुडवा की है। वहां 27 वर्षीय युवक ने माईदूज पर परिजनों के घर – से बाहर जाने के दौरान फांसी लगा ली। पुलिस दोनों मामलों में कारणों की जांच कर रही है।

छठ पर्व का आरंभ, चार दिन तक होगी सूर्य उपासना

भोपाल। दीपावली से शुक्रवार से चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरुआत नहाय-खाय के साथ हुई। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद शुद्ध घी में बनी दाल और लौकी की सब्जी का सात्विक भोजन ग्रहण किया। 14 नवंबर को खरना होगा। 15 नवंबर को डूबते सूर्य और 16 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन होगा।

परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेंगे सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी

नई दिल्ली। पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ियों पर रोक लगाने के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) परीक्षा केंद्रों की निगरानी व्यवस्था में बदलाव की तैयारी कर रही है। इसके तहत जेईई, नीट, नेट और सीयूईटी जैसी प्रमुख परीक्षाओं के केंद्रों पर सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों और आर्टिफिशियल बलों के जवानों की तैनाती की जाएगी।

आरोप बाजार राहुल का फोनटैपिंग का आरोप, मोदी को फिर दी खुली बहस की चुनौतीय भाजपा ने किया पलटवार

कहा- फोन में मौजूद हैं निगरानी के सबूत, भाजपा नेताओं ने दावों को खारिज कर साधा निशाना, संसद को बताया बहस का उचित मंच

राहुल बोले– प्रधानमंत्री फोन की निगरानी करा रहे, बहस हुई तो पद पर नहीं रहेंगे मोदीय भाजपा ने कहा– संसद बहस का मंच, पहले अपने आरोपों के सबूत दें

डीआर संवाददाता ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमने-सामने सार्वजनिक बहस की चुनौती दी है। शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर आयोजित संवाद-जनसंवाद सत्र में राहुल ने दावा किया कि उनका फोन टैप किया जा रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनकी निगरानी करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि फोन में उनके आरोपों से जुड़े सबूत मौजूद हैं। राहुल ने यह भी दावा किया कि यदि प्रधानमंत्री के साथ खुली चर्चा हुई तो मोदी प्रधानमंत्री पद पर नहीं रहेंगे। उनके बयान के बाद सत्तापक्ष नेताओं ने पलटवार करते हुए फोन टैपिंग के आरोपों को खारिज किया और उनकी राजनीतिक शैली पर सवाल उठाए।

संसद में माइक बंद करने का लगाया आरोप



राहुल गांधी से सवाल पूछा गया था कि जब भारतीय संसद में बहस के लिए तैयार है तो वे सार्वजनिक बहस की मांग क्यों कर रहे हैं। इस पर राहुल ने आरोप लगाया कि संसद में उन्हें अपनी बात रखने का पर्याप्त अवसर नहीं मिलता और कई बार उनका माइक बंद कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि वे लंबी भाषणबाजी के बजाय सीधे सवाल–जवाब चाहते हैं।

बयानबाजी से गरमाया राजनीतिक माहौल

राहुल ने दावा किया कि प्रधानमंत्री एक तरफ और वे पूरी तरह बैठें तभी दोनों के बीच खुली चर्चा हो। उन्होंने कहा कि इस बहस के लिए गौतम अडानी या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत को निर्णायक बनाने पर भी उन्हें आपत्ति नहीं है। उनके मुताबिक, ऐसी चर्चा से देश के सामने सच्चाई सीधे जनता की कौन डैडीहैन में काम कर रहा है।

भाजपा नेताओं ने राहुल पर किया पलटवार

राहुल गांधी के आरोपों पर भाजपा नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फोन टैपिंग के दावे को खारिज करते हुए राहुल को तकनीक परीक्षण करने की सलाह दी। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि किसी को राहुल गांधी का फोन टैप करने में दिलचस्पी नहीं है। यदि किसी की रुचि हो सकती है तो उनके विपक्ष में चल रही हुए को समझने में।

केंद्रीय मंत्री नवी निर्मला सीतारमण ने कहा कि संसद बहस के लिए पहले से उपलब्ध रही है। गेंद प्रतिपक्ष होने के नाते राहुल गांधी को गंभीरता दिखानी चाहिए। वहीं उत्तर प्रदेश के लालुप्रसादमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राहुल पर घटिया राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आरोप लगाकर और फिर पीछे हटना राहुल की पुरानी आदत है। प्रधानमंत्री के साथ बहस की चुनौती पर मौर्य ने कहा कि राहुल का स्तर प्रधानमंत्री से बहस करने का नहीं है।

अखिलेश यादव ने भी दी प्रतिक्रिया

ओल टैपिंग के आरोप पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने तकनीक के मौजूदा दौर में फोन टैपिंग की संभावना से इनकार नहीं किया। अखिलेश ने पूर्व खासर राम सिंह का उल्लेख करते हुए कहा कि ये कई फोन आने की फोन टैपिंग की बात कह चुके थे। हालांकि, उन्होंने राहुल के फोन की टैपिंग किए जाने के दावे को पुष्टि-पुष्टि नहीं की।

असम में भीषण सड़क हादसा, ट्रैवलर और ट्रक की टक्कर में 23 लोगों की मौत



कटीब 40 यात्री सवार थे, मृतकों में बच्चे भी शामिलएक कई घायल, गंभीर घायलों को जोरहाट मेडिकल कॉलेज भेजा

डीआर संवाददाता ▸▸ गुवाहाटी

असम के कार्बीआंग के पास शुक्रवार को हुए भीषण सड़क हादसे में 23 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। हादसा गोलाघाट जिले के सेंवाजन क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-715 पर हमीमुख्ती टी एस्टेट के पास हुआ। जानेब 40 कार्बियों को लेकर जा रही ट्रैवलर की सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई। मृतकों में बच्चे भी शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार ट्रैवलर कर्बी आंगन से जोरहाट से गुवाहाटी जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैवलर दूसरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहत और बचाव दल ने घंटों तक वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकाला।

घायलों को तत्काल कोहोरा सैंडल अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बेहतर उपचार के लिए जोरहाट मेडिकल कॉलेज भेजा गया। पुलिस ने घायलों की सूची जारी की है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और बचाव दल ने राहत कार्य शुरू किया।

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। हादसे में बड़ी संख्या में लोगों की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

विधायक के बेटे ने महाकाल मंदिर में बनाई रील, 3 सुरक्षाकर्मी निलंबित

डीआर संवाददाता ▸▸ उज्जैन



मोबाइल से फोटो-वीडियो बनाने पर प्रतिबंध के बावजूद इंदौर से गायक विधायक मोनू गुर्जर के बेटे रुद्राक्ष ने चांदी हार तक रील बनाई। हालांकि पुराने वीडियो में वे नीलकंठ द्वार से प्रवेश कर ई-कार्ड से मंदिर पहुंचते और पूजन-अर्चना व आरती करते दिखाई दे रहे हैं। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोकने के बजाय प्रोटोकॉल से दर्शन करवाए। वीडियो वायरल होने के बाद मंदिर समिति ने दो सहायक प्रशासक संभाल रही निजी कंपनी पर 5 लाख का जुर्माना लगाया और तीन सुरक्षाकर्मियों को निलंबित कर दिया।

12 मार्च 2023 को रुद्राक्ष सुरक्षा भरती जवानों के दौरान महाकाल के गर्भगृह में प्रवेश किया था।

12 अप्रैल 2025 को देवास के मां चामुण्डा मंदिर में आधी रात को मंदिर में पुजारी से मारपीट की।

अनिकेत खटीक हत्याकांड में छह फरार आरोपियों पर 10-10 हजार का इनाम

दीपावली की रात पटाखे फोड़ने को लेकर हुआ था विवाद, बां–बेटे पर किया था हमला,

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

भोपाल के इंदिरानगर में दीपावली की रात हुए अनिकेत खटीक हत्याकांड में पुलिस ने फरार छह आरोपियों पर 10–10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। वारदात के बाद से आरोपी गिरफ्त से बाहर हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग–अलग टीमें लगातार और लगातार की संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

पुलिस के अनुसार दीपावली की रात पटाखे फोड़ने के दौरान गली और जीनत के छोटे भाई को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। देखते ही देखते विवाद गालगोच और धक्कामुक्की तक पहुंच गया। इस दौरान अनिकेत खटीक और उसकी मां सुशीला पर हमला किया गया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अनिकेत की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि सुशीला का अब उसकी ना को अस्पताल से छुट्टी मिल गई।

मामले में पुलिस ने इंडाडिनगर निवासी आदिल रैसार उर्फ आदि (18) और शेख फरहान (18) को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दोनों ने वारदात में शामिल होना स्वीकार किया। वहीं, दो अन्य रोहिंग्यों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अंकित पेलवे पिंपाल गालगोच और छायाबाजी तक पहुंच गया।

एसआईटी कर रही तलाश

फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए डीसीपी अमृत दुहन के एसीपी अनिल सिंह राजपूत के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया है। पुलिस ने आरोपियों की सूचना देने और उनकी गिरफ्तारी में मदद करने वालों के लिए इनाम घोषित किया है। एसआईटी की टीमें आरोपियों के परिजनों और संभावित ठिकानों पर नजर रखकर उनकी तलाश में जुटी हैं।

शताब्दी एक्सप्रेस में बैंडेज के लिए टीटीई ने मांगे 200 रुपए, महिला यात्री को नहीं मिला प्राथमिक उपचार



डीआर संवाददाता ▸▸ नई दिल्ली

शताब्दी एक्सप्रेस में सफर के दौरान एक महिला यात्री को अंगुली कटने पर ट्रेन प्राथमिक उपचार के लिए बैंडेज तक उपलब्ध नहीं कराया गया। यात्री की शिकायत के बाद रेलवे स्टाफ ने अगले स्टेशन पर डॉक्टर से जांच कराने की बात कही। इसके लिए 200 रुपए देने को कहा गया। घटना को लेकर रेलवे की यात्री सुविधाओं और आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था पर सवाल उठे हैं।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, गाड़ियां तो तत्काल प्राथमिक उपचार की जरूरत थी, लेकिन बैंडेज के लिए भी उसे परेशानी का सामना करना पड़ा। मामले ने रेलवे स्टाफ के व्यवहार को लेकर विवरण सामने आई है।

सिंहस्थ–2028 की तैयारीरू महाकुंभ के 250 मास्टर ट्रेनर देंगे होमगार्ड जवानों को प्रशिक्षण

भोपाल सिंहस्थ–2028 की तैयारियों के तहत प्रयागराज महाकुंभ में सुरक्षा बलों को प्रशिक्षण देने वाले 250 मास्टर ट्रेनर मध्यप्रदेश आएंगे। अगले 15 दिनों में उनके आने की संभावना है। ये प्रदेश के जाए संभागों के 4 हजार होमगार्ड जवानों को भीड़ नियंत्रण, मेगादल रोधले, यातायात प्रबंधन और आपातकालीन बचाव का प्रशिक्षण देंगे। होमगार्ड डीजी प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव का उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक से इस संबंध में पत्राचार हुआ है। प्रशिक्षण में सुरक्षित निकासी,

एमडी ड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार, 3.82 लाख का माल जब्त



डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

क्राइम ब्रांच ने एमडी तस्कर में कार्रवाई कर दुरुस बेचने के लिए वाहक तलाश रहे आमार साजा (28), निवासी ओल्ड सीवेज कॉलोनी रोड को गिरफ्तार किया है। आरोपी बैक से सामने खाली मैदान में मिला। पुलिस ने उसके कब्जे से 12.76 ग्राम एमडी ड्रग्स और सेलफोन जब्त किया। पक्का तस्करी की कीमत 3.82 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस मोबाइल की कॉल डिटेल और चैट के आधार पर सप्लायर व ग्राहकों की जानकारी जुटा रही है। 9 सितंबर से उस एक वाहन बाला

15 नवंबर के बाद मध्यप्रदेश में बढ़ेगी ठंड

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में 15 नवंबर के बाद ठंड का असर और बढ़ने का अनुमान है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में हो रही बर्फबारी का प्रभाव प्रदेश के मौसम पर भी दिखाई दे रहा है। तीसरी रात भोपाल, इंदौर सहित 20 शहरों में न्यूनतम तापमान 16 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों में रात के तापमान में करीब 2 डिग्री की गिरावट हो सकती है।

कहानी को उदैपुरी में सबसे कम 10.8 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। ग्वालियर के नरसिंहगढ़ में 11.1 और सतना के नौगांव में 11.2 डिग्री रहा। इंदौर और उमरेड में 11.6, विदिशा में 11.8, भोपाल में 12, पचमढ़ी में 12.2, खजुराहो और नौगांव में 12.6, उमरिया में 13, जबलपुर में 13.4 और उज्जैन में 14 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

उत्तरी हवाओं से बढ़ेगी ठिठुरन



मौसम विभाग के भूवैज्ञानिक जगन्नाथन भल्ला ने पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, जिससे पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी और बारिश हो रही है। 15 नवंबर से एक और मौसम प्रणाली सक्रिय होने की संभावना है। इसके बाद बढ़ने के बाद उत्तरी हवाएं चलेंगी, जिनका असर मध्यप्रदेश में भी दिखेगा। बेतूल की पहाड़ी में पारिजात नित्य बाद ठंड के कारण प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में कार्तिक की संभावना भी कम लगती है। नवंबर के दूसरे पखवाड़े में न्यूनतिम पंजन पारा में एक संक्रिय स्थाय पिक पाएगी है। भोपाल और इंदौर में भी दात का तापमान डिग्री से गिरने का अनुमान है। गौरतलब है कि नवंबर तथा से सुबह और शाम के समय हेतुल घटेगी।

सांची दूध के दाम 1 से 4 रुपए तक बढ़े, नई दरें आज से लागू

भोपाल सांची दूध की कीमतों में पांच महीने बाद फिर बढ़ोतरी की गई है। कायराटेल स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन ने अलग-अलग श्रेणियों के एक लीटर पैकेट पर 1 से 4 रुपए तक दाम बढ़ाए हैं। नई दरें शनिवार से लागू होंगी। फुल क्रीम दूध 70 से बढ़कर 74 रुपए, टॉड्रर्ड 63 से 67 रुपए और टोन दूध 58 से 59 रुपए हो गया है। किसान दूध 47 से 48 रुपए, चाहऊमुल 62 से 66 रुपए, टी स्पेशल 56 से 58 रुपए और गाय का दूध 62 से 64 रुपए प्रति लीटर हो गया है। 500 मिलीलीटर के पैकेट पर भी 1 से 2 रुपए की बढ़ोतरी की गई है।

लाड़ली बहना योजना भाईदूज पर लाड़ली बहनों को 1831 करोड़ की सौगात, पिछोर को जिला बनाने का

मुख्यमंत्री ने 1.24 करोड़ से अधिक महिलाओं के खातों में भेजी 42वीं किस्त, 221 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को शिवपुरी जिले के पिछोर में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में प्रदेश की 1 करोड़ 24 लाख 81 हजार 880 पात्र लाड़ली बहनों के बैंक खातों में योजना की 42वीं किस्त के रूप में 1831 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरित की। प्रत्येक महिला के खाते में 1500 रुपए भेजे गए। मुख्यमंत्री ने इसे बहनों के लिए भाईदूज का उपहार बताया। इससे सात ही प्रदेश के 5. 5 लाख से अधिक स्व–सहायता समूहों के नगद साख सीमा के रूप में 200 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सशक्त महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के संकल्प के साथ काम कर रही है। लाड़ली बहना योजना जुलाई 2023 में 1000 रुपए प्रतिमाह से शुरू हुई थी। बाद में सहायता राशि बढ़ाकर 1250 रुपए और नवंबर 2025 से 1500 रुपए कर दी गई। मुख्यमंत्री के अनुसार दीपावन शुरू होने से नवंबर 2026 तक बहनों को 69 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि दी जा चुकी है।

परिसीमन आयोग की अनुशंसा पर बनेगा पिछोर जिला

पिछोर को जिला बनाने की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में परिसीमन आयोग गठित किया गया है। आयोग की अनुशंसा मिलते ही पिछोर को जिला बनाने के लिए सरकार आवश्यक पहलकदमी करेगी। उन्होंने पिछोर में खनिज विभाग के पेंडी चौराहे पर पुलिस चौकी खोलने तथा कार्यालयों में महानिरीक्षक दूध करने की घोषणा की। बारहगा गांधी तट पुल निर्माण, पिछोर जिले से पास गरहेड़ नगर के लेकर ग्वालियर और खोनी नगर होने के लोकनिर्माण के लिए यदि उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया।

221 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री ने शिवपुरी जिले में 221.22 करोड़ रुपए की लागत के 121 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इनमें 109.23 करोड़ रुपए के 68 कार्यों का भूमिपूजन तथा 36 करोड़ रुपए के 26 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लंबानों को सड़क देकर मुख्यमंत्री के लिए डेजगार के अवसर तैयार किए जा रहे हैं। शिवपुरी हो शह अवार करोड़ रुपए के विकिंग इंडस्ट्री कॉरिडोर की घोषणा किती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 1250 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश धरातल पर आ चुका है।

भेल के पुराने कुएं से शुरू हुई भोपाल में छठ पूजा की परंपरा, अब 64 से अधिक घाटतैयार

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

भोपाल में छठ पूजा की सामूहिक परंपरा करीब 1980 में भेल परिसर के बरखेड़ा क्षेत्र से शुरू हुई थी। उस समय पूर्वांचल के लोग पैदल गांव नहीं जा पाते थे। इसलिए सरस्वती मंदिर परिसर के करीब 100 साल पुराने कुएं से पानी लेकर सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते थे। पास की प्राकृतिक नहर में भी पूजा होती थी।

श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने पर 1983 से पहले यहां पहला पक्का कुंड बनाया गया। दिनेश चौधरी बताते हैं कि उन्होंने 1983 में इसी कुंड पर पहली बार पूजा की थी। आज सरस्वती मंदिर परिसर में पांच बड़े कुंड हैं।

बिहार सांस्कृतिक परिषद ने 1980 में प्रवासियों को एक मंच पर जोड़ा था। वर्तमान में भोपाल में 10 से 12 से अधिक सामाजिक संगठन आयोजन में सक्रिय हैं। शहर में भोजपुरी और पूर्वांचली समाज के करीब 3 लाख लोग 64 से अधिक घाटों और कुओं पर पूजा करते हैं। प्रमुख केंद्रों में बरखेड़ा, शीतल दास की बगिया, हथाईखेड़ा रोड, शाहपुरा झील और प्रेमपुरा घाट शामिल हैं।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैलूंढा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | कार्तिक शुक्ल 04 – 2083 | सीहोर, दिन शनिवार 14, नवंम्बर 2026

न्यूज गैलरी

बिरसा मुंडा जयंती पर कार्यक्रम में शामिल होंगे राजस्व मंत्री

सीहोर। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 14 नवंबर को सुबह 11 बजे भोपाल से सीहोर के लिए प्रस्थान करेंगे व सुबह 11:30 बजे इछावर तहसील के ग्राम कुलीसकला पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे वाल गौड़ग्रेज पहुंचेंगे, जहां भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित तीर-कमान प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे।

14 से 20 नवंबर तक विधिक सेवा सप्ताह

सीहोर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में 14 से 20 नवंबर तक न्यायालय विधिक सेवा सप्ताह मनाया जाएगा। 16 नवंबर को सुबह 9:30 बजे जिला न्यायालय परिसर से पैरालीगल दौड़ एवं वॉकथॉन का आयोजन होगा। वहीं 19-11-25 को शाम 5 बजे जिला न्यायालय परिसर से जागरूक एवं सशक्त रैली निकाली जाएगी।

सीहोर में न्यूनतम तापमान 13 डिग्री, सुबह-शाम बढ़ी ठंडक

सीहोर।सीहोर जिले में गिरावट का सिलसिल जारी है। दिन में तेज धूप और सुबह-शाम ठंडी हवाओं से तापमान में उतार चढ़ाव बना हुआ है। जिले में न्यूनतम तापमान 13 डिग्री और अधिकतम 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दीपहर में धूप से हल्की गर्माहट रहती है, जबकि सुबह और रात में ठंडक महसूस होने लगी है। नवंबर के आखिरी दिनों में न्यूनतम तापमान 12 से 14 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है।

सीहोर में पहली बार विधायक कप महिला हॉकी टूर्नामेंट 15 से

सीहोर।सीहोर में पहली बार विधायक कप महिला हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन 15 से 17 नवंबर तक पलाशरा खातेड़ गांव में होगा। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों की महिला टीमें हिस्सा लेंगी। 15 नवंबर को सुबह 10 बजे शुभारंभ होगा। 16 नवंबर को सुबह 9 से शाम 6 बजे तक मुकाबले होंगे। 17 नवंबर को रोमांचक मुकाबले के बाद दोपहर 3 बजे फाइनल खेला जाएगा। समापन पर पुरस्कार वितरण और शहर की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा।

सीहोर में अब एक दिन की जगह दो दिन छोड़कर होगी पानी की सप्लाई"

सीहोर।कम बारिश के कारण सीहोर शहर में जल संकट की आशंका बढ़ गई है। नगर पालिका ने पानी की सप्लाई का डीजाइन बदलकर अब एक दिन की जगह दो दिन के अंतराल से कर दिया है। अप्रैल में गर्मी बढ़ने पर फिर एक दिन छोड़कर पानी दिया जाएगा। इस वर्ष जिले में जनवरी से 43 इंच बारिश हुई, जो सामान्य से लगभग साढ़े आठ इंच कम है। कलेक्ट्रेट सभागार में पिछले साल के मुकाबले आधा मीटर और भगवानपुरा तालाब में डेढ़ फीट पानी कम है।

मां नर्मदा हॉस्पिटल का छठवां स्थापना दिवस मनाया

सीहोर।बस स्टैंड स्थित मां नर्मदा हॉस्पिटल का छठवां स्थापना दिवस शुक्रवार को मनाया गया। इस अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया जिसमें मरीजों का बीपी और शुगर परीक्षण कर चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। दवाइयों पर विशेष छूट भी दी गई।

सूर्य उपासना

नहाय-खाय के साथ छठमहापर्व का शुभारंभ, सीवन घाट बनेगा मिनी बिहार

लौकी की सब्जी और अरवा चावल के पारंपरिक भोजन से शुरू हुआ चार दिवसीय अनुष्ठान,

दिखेगी लोक आस्था की अनोखी छटा



डीआर संवाददाता»सीहोर

लोक आस्था, सूर्य उपासना और प्रकृति के प्रति अटूट श्रद्धा का प्रतीक छठ महापर्व शुक्रवार को नहाय-खाय की परंपरा के साथ शुरू हो गया। चार दिवसीय इस महापर्व को लेकर सीहोर में रहने वाले भोजपुरी समाज के लोगों में खासा उत्साह है। घरों में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। वहीं, शहर के सीवन नदी स्थित महिला घाट जाने से पहले छठ व्रती महिलाओं ने विधिवत स्नान किया।

इस दौरान व्रती सेन्धा नमक और जल ग्रहण किए बिना छठी मैया तथा सूर्यदेव की आराधना करेंगे। छठ महापर्व में प्रतिवर्ष की तरह, अनुशासन और समर्पण को विशेष महत्व दिया जाता है। यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि परिवार के संगत, सामाजिक एकजुटता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर भी है।

सीवन घाट पर

प्रभारी राकेश कुमार झा ने बताया कि शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ छठ व्रत का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस परंपरा के तहत व्रती महिलाओं ने घर पर ही शुद्धता और सात्विकता के साथ लौकी की सब्जी तथा अरवा चावल का भोजन ग्रहण करते हैं। छठ पूजा में शुद्धता, पवित्रता और संयम का विशेष महत्व है। पर्व शुरू होते ही घरों में पूजा की तैयारियों के साथ भक्तिमय माहौल बनने लगा है।

खरना के बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत

शनिवार 14 नवंबर को खरना की परंपरा निभाई जाएगी। इस दिन व्रती पूरे दिन उपवास रखने के बाद शाम को विधि-विधान से पूजा कर प्रसाद ग्रहण करेंगे। खरना के साथ ही 36 घंटे के निर्जला व्रत की शुरुआत होगी। इस दौरान व्रती अन्न और जल ग्रहण किए बिना छठी मैया तथा सूर्यदेव की आराधना करेंगे। छठ महापर्व में प्रतिवर्ष की तरह, अनुशासन और समर्पण को विशेष महत्व दिया जाता है। यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि परिवार के संगत, सामाजिक एकजुटता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर भी है।

लापता परिवार की तलाश में मिला सुराग, नाले किनारे खड़ी मिली सुरेश की बाइक

पास में फफूंद लगी रोटियों से भरे दो टिफिन, हंसिया और लोटा भी मिलेय फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से जुटाए साक्ष्य

डीआर संवाददाता»सीहोर

सात आठदिनों से लापता परिवार की तलाश के बीच नया घटनाक्रम सामने आया है। लापता सुरेश की बाइक गांव के निवासी मोहन दांगी के खेत के पास नाले किनारे खड़ी मिली है। बाइक के पास दो टिफिन भी मिले, जिनमें सब्जी रोटियों पर फफूंद लग चुकी थी। इसके अलावा पौधे से हंसिया और लोटा भी बरामद हुआ है। इन वस्तुओं के मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच तेज कर दी है।

सनसनी की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को फॉरेंसिक टीम सोहागपोरा पहुंची। टीम ने पहले लापता परिवार के घर का निरीक्षण किया था और वहां मिले लाल रंग के मिश्रण का सैंपल जांच के लिए लिया था। बाइक मिलने के बाद टीम ने नाले के किनारे भी बारीकी से जांच कर सामग्री एकत्र की। टिफिन में रखी रोटियों पर फफूंद मिलने से सामान कुछ समय से वहां पड़े होने की आशंका है, हालांकि इसकी पुष्टि जांच के बाद ही होगी।

इधर, रविंद्र के बयान में आए डाबलपंथ ने गुरुवार को पुलिस को आवेदन देकर खुद को जूते मामले में फंसाने की आशंका जताई थी। उसने अपने ऊपर लगाए जा रहे आरोपों को निराधार बताया।

थाना प्रभारी बीएल त्यागी ने बताया कि पुलिस परिवार की तलाश में जुटी है। संभावित खतरों पर कई सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। बाइक और अन्य सामान मिलने के बाद घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया है। सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

ट्रक का तिरपाल काटकर उड़ाए दवा के कार्टून



डीआर संवाददाता»सीहोर

ट्रक में गोंगाल से दवा भरकर गुजरात के लिए रवाना हुआ चालक रात अपने घर में सोया सारी चल गया। घर के बाहर रोड पर खड़े ट्रक से देर रात अज्ञात बदमाशों ने तिरपाल काटकर दवा के कार्टून निकाल लिए और फरार हो गए। सुबह जब चालक ने तिरपाल कटा देखा और कार्टून कम नजर आए तो उसने पुलिस को सूचना कर कताया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इछावर निवासी रज्जू मालवीय ट्रक चालक है। गुरुवार को वह गोंगाल से अपने ट्रक में दवा के कार्टून भरकर गुजरात के लिए रवाना हुआ था। रात को वह अपने घर खाने के लिए पहुंचा और ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर दिया था। बताया जाता है कि बीती रात अज्ञात चोरों ने ट्रक की पॉलिथीन और तिरपाल काटकर उसमें रखे दवा के कुछ कार्टून उठा लिए और चलते बने।

दो महीने से वेतन नहीं मिलने पर भड़का आक्रोश, जनकल्याण शिविर जा रहे मंत्री करण सिंह वर्मा का काफिला रोककर बताई परेशानी



डीआर संवाददाता»इछावर

सिविल अस्पताल इछावर में कार्यरत 13 अस्थायी कर्मचारियों को पिछले दो महीने से वेतन नहीं मिला है। 10 से 12 हजार रुपए मासिक वेतन पर भर्ती का भरण-पोषण करने वाले कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति बिगड़ने लगी है। जिम्मेदारों से शिकायत के बावजूद भुगतान नहीं होने पर खुलकर सामने आए कर्मचारी आनंदी नलवाल ने हड़ताल पर बैठ गए।

कर्मचारियों ने जनकल्याण शिविर में जा रहे राजस्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक करण सिंह वर्मा का काफिला रोककर अपनी परेशानी बताई। मंत्री ने बीएमओ से फोन कर तत्काल समाधान कराने का आश्वासन दिया। कर्मचारियों का आरोप है कि हड़ताल शुरू होने के बाद बीएमओ ने अस्पताल प्रबंधन को फोन कर उन्हें पुलिस के हवाले करने या परिसर से हटाने की बात कही।

कर्मचारियों का कहना है कि वे अस्पताल में काम करने को तैयार हैं, लेकिन दो महीने की मेहनत का भुगतान नहीं किया जा रहा है। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन संबंधित एजेंसी के माध्यम से मिलता है। इसके बावजूद एजेंसी और अस्पताल प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा नहीं उठा पा रहे हैं।

हड़ताल में दिनेश जाट, गोविंद कोरे, आशीष मालवीय, आकाश वर्मा, अनमोल वर्मा, दीपक वर्मा, सतीश वर्मा, राघविन वर्मा, अंकित वर्मा, पूजी बाई, कुसुम बाई, सरिता वर्मा और कविता मेवाड़ा शामिल हैं। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि वकाया वेतन मिलने तक हड़ताल जारी रहेगी। सामेर शेत्रों में पदस्थ अन्य आउटसोर्स कर्मचारी भी वेतन सबंधी परेशानी से जूझ रहे हैं।

हत्या के चार आरोपियों को आजीवन कारावास

आष्टा।सीहोर जिला न्यायालय के प्रभारी अपर सत्र न्यायाधीश महेश कुमार सोनगरे ने हत्या के चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक आरोपी पर 3 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। उक्त अंक अभियोजन विनेश कुमार सोनी ने बताया कि ग्राम भैरूंदा निवासी लालू बर्मेडिया, देवकरण, गुलजार और सिद्धलाल ने 10 दिसंबर 2024 को बैरू के खेत में उसके ही जिले पर लकड़ी और कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या की थी। सोनी नोटों के कलर पर्चे की अदालत में पेश से गई थी। न्यायालय ने परिवेदक के साक्ष्यों और तर्कों से सहमत होकर 12 नवंबर को चारों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

शाहगंज में अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार, 32 लीटर से अधिक शराब जब्त



डीआर संवाददाता»सीहोर

शाहगंज पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ जारीकाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 32 लीटर शराब जब्त की है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 13 हजार 630 रुपए बताई गई है।

पुलिस अधीक्षक शोभाराजी सलूजा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौधे के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी रति रानी के निर्देशन में थाना प्रभारी विनोद सिंह चौहान के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 12 नवंबर को टीम ने पुरानी बस्ती शाहगंज निवासी दिलीप यादव (22) पिता राजू यादव के कब्जे से देसी-अंग्रेजी शराब और बीयर की बोतलें व कैन जब्त कीं। आरोपी शराब के धंधे में पैसे देनेवाले प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद उसके खिलाफ धारा 34 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

कार्रवाई में एएसीपीएक्ट मनोज कुमार मालवीय सहित पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अधिकतम भाव 7260 रुपए, तीनों मंडियों में किसानों को मिले अच्छे दाम

डीआर संवाददाता»सीहोर

आवक

कुरावर कृषि उपज मंडी में 888 वाहनों से कुल 5812 क्विंटल उपज पहुंची। यहां सोयाबीन का अधिकतम भाव 7501 और मॉडल भाव 7125 रुपए प्रति क्विंटल रहा। अन्य फसलों में गेहूं 3045, चना 7000, मसूर 6290, सरसों 7705 और धनिया 14005 रुपए प्रति क्विंटल तक भाव पहुंचे। सीहोर की फल-सब्जी मंडी में तहसूल का अधिकतम भाव 20 हजार रुपए प्रति क्विंटल रहा। मंडियों में अलग-अलग फसलों की जानकारी अपडेट की गई।

कुरावर मंडी में 5812 क्विंटल आवक

सीहोर और रायसेन जिले की तीसरी उपज मंडियों में शुमार हो सोयाबीन के भाव में तेजी देखने को मिली। कुरावर मंडी में सोयाबीन का अधिकतम भाव 7501 और मॉडल भाव 7125 रुपए प्रति क्विंटल रहा। अन्य फसलों में गेहूं 3045, चना 7000, मसूर 6290, सरसों 7705 और धनिया 14005 रुपए प्रति क्विंटल तक भाव पहुंचे। सीहोर की फल-सब्जी मंडी में तहसूल का अधिकतम भाव 20 हजार रुपए प्रति क्विंटल रहा। मंडियों में अलग-अलग फसलों की जानकारी अपडेट की गई।

स्यानपुर में सोयाबीन 7260 रुपए

स्यानपुर मंडी में पीली सोयाबीन की 776 क्विंटल आवक हुई। इसका अधिकतम भाव 7260 और औसत भाव 7110 रुपए प्रति क्विंटल रहा। सामान्य गेहूं का अधिकतम भाव 2975 रुपए दर्ज किया गया।

सीहोर में गेहूं 3370 रुपए तक बिका

सीहोर की मुख्य अनाज मंडी में 9736 क्विंटल उपज की आवक हुई। सोयाबीन 7301, मक्का 2991, गेहूं 3370, लाल चना 7291 और काबुली चना 7970 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका। फल-सब्जी मंडी में कुल 1181 क्विंटल आवक रही। यहां लहसुन का अधिकतम भाव 20 हजार और भाव का 4521 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया।

पचोर मंडी में 7510 क्विंटल आवक

पचोर कृषि उपज मंडी में 843 अनुबंध पत्रकों के माध्यम से कुल 7510 क्विंटल उपज की आवक दर्ज हुई। इसमें सोयाबीन की 4914 क्विंटल आवक रही। इसका अधिकतम भाव 7265 और मॉडल भाव 7100 रुपए प्रति क्विंटल रहा। गेहूं 2993, मसूर 6725, सरसों 8396, चना काला 6815, उड़द 7435 और धनिया 15700 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका। मंडी में मक्का की आवक नहीं हुई।

दो दिन बंद रहेगी कुरावर मंडी

वैद्य अवकाश और सीहोर से कुरावर कुशवाह कृषि उपज मंडी में 14 और 15 नवंबर को नीलामी कार्य बंद रहेगा।

भूमि पूजन वार्ड क्रमांक 16 में 10.50 लाख रुपये की लागत से बनेगी नाली एवं नाले को किया जाएगा कवर्ड

वार्डों में सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता और अन्य आवश्यक सुविधाओं को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता-नपाध्यक्ष

डीआर संवाददाता»सीहोर



शहर में विकास कार्यों को गति देने और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ नगर पालिका द्वारा लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 16 में नाले पर कवर्ड करने के महत्वपूर्ण कार्य का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस रघोर द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में किया गया। इस कार्य के अंतर्गत पार्षद रघोर के घर से लेकर विनोद के घर तक नाली निर्माण कार्य एवं विनोद रघोर के मकान से संतोष सिंह के मकान तक नाले पर जाली लगाकर उसे कवर्ड किया जाएगा। इस विकास कार्य पर 10 लाख 50 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी। कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के रहवासियों को बारिश के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। साथ ही खुले नाले के कारण होने वाली दुर्घटनाओं में निश्चित गिरावट और क्षेत्र में स्वच्छता एवं सुरक्षा की स्थिति बेहतर होगी।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस रघोर ने कहा कि नगर पालिका का लक्ष्य केवल विकास कार्य की घोषणा करना नहीं, बल्कि धरातल पर काम करके उनका सही उद्देश्य लाभ पहुंचाना है। शहर के प्रत्येक वार्ड में नागरिकों की जरूरतों और समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान विकास कार्य कराए जा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि शहर के किसी भी वार्ड में मूलभूत सुविधाओं की कमी न रहे। वार्डों में सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता और अन्य आवश्यक सुविधाओं को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। अध्यक्ष ने जिस विश्वास के साथ हमें जिम्मेदारी सौंपी है, उस विश्वास पर खरा उतरना हमारा दायित्व है। विकास की यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी और शहर के हर क्षेत्र को बेहतर सुविधाओं से जोड़ने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद शहर के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष विनिल रावत, वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद कमलेश राठौर, अर्जुन राठौर, नरेंद्र राजपूत, राजेश माही, लोकेंद्र पवाँ, बाबू चंजारिया, मिलाप राठौर सहित वार्ड क्रमांक 16 के अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

2.40 लाख से अधिक बहनों के मिले 35.32 करोड़ रुपये



डीआर संवाददाता»सीहोर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिवपुरी जिले के पिछोर से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत प्रदेश की 1 करोड़ 24 लाख 51 हजार 550 पात्र महिलाओं के बैंक खातों में 1500 रुपये प्रति बहन के मान से अग्रिम सहायता राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। इस अवसर पर सीहोर जिले की 2 लाख 40 हजार 44 लाडली बहनों के खातों में कुल 35 करोड़ 32 लाख 54 हजार 300 रुपये की राशि अंतरित की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की बहनें केवल परिवार की ताकत ही नहीं, बल्कि समाज और प्रदेश के विकास की भी मजबूत आधारशिला हैं। राज्य सरकार का संकल्प है कि प्रत्येक बहन आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बने। उन्होंने कहा कि लाडली बहना योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है, जिससे महिलाओं को आर्थिक संबल मिलने के साथ परिवार में उनकी भागीदारी और आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है।

न्यूज गैलरी

डिप्टी रेंजर बने प्रेम बारेला, पंचायत में स्वागत

बिलकिसगंज। आगरिया गढ़ाल के ग्राम डाबरियाखार निवासी प्रेम बारेला के डिप्टी रेंजर पद पर पदोन्नत होने पर आगरिया ग्राम पंचायत में जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। प्रेम बारेला पहले फॉरेस्टर ग्राम में तकरीबन सात वर्ष पदस्थ थे। उत्कृष्ट कार्य और सेवाओं के बाद उन्हें पदोन्नति मिली। डिप्टी रेंजर बनने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल रहा। जनप्रतिनिधियों ने इसे गौरव की बात बताया। नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि रामेश जागरे, वृक्ष मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा, नरेश मेवाड़ा, दीपक राठौर सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

संस्कार केंद्र के बच्चों को बैग, ड्रेस,मिठाई बांटी

आष्टा। अलीपुर के जैसल मामा चौक के संस्कार केंद्र में दीपावली पर सामाजिक संस्था जन सेवा संकल्प ने छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग बांटे। पेन-कॉपी दीं। स्कूल ड्रेस की मांग की। मिठाइयां बांटी। बच्चों से बातचीत हुई। स्वच्छ रहने की बात कही गई। माता-पिता का सम्मान करने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में जिला संत सेवा प्रमुख घनश्याम पंवार, वरिष्ठ अधिवक्ता लोक नारायण भूतिया, नगर सेवा प्रमुख सुरेश पांचाल, गौरव सांगरिया, संस्कार केंद्र मार्गदर्शक विकास सांगरिया, उमेशलाल गलचौड़िया, राकेश बरेला मौजूद रहे।

नेहरू जयंती पर आज आष्टा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम

आष्टा। नगर के प्रथम प्रधानमंत्री और भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी श्रद्धांजलि कार्यक्रम करेगी। कार्यक्रम में पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण होगा। पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम सुबह 10 बजे कम्युनिटी हॉल में होगा। इसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल होंगे। पंडित नेहरू के योगदान का स्मरण किया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, किसान कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सिक्खा वर्ग, एससी-एसटी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ समेत सभी विभागों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से मौजूद रहने की अपील की है।

100 वर्ष की उम्र में गोदावरीबाई वानिया का निधन

सैयदा। खलील के ग्राम हमलता निवासी गोदावरीबाई वानिया के निधन से समाज में शोक की लहर व्याप्त है। उनकी उम्र लगभग 100 वर्ष पूरी हो चुकी थी। उनके निधन की खबर मिलते ही परिजन, रिश्तेदार एवं समाजजन गहरा दुख व्यक्त किया। गोदावरीबाई के पुत्र संतोष पटेल ने बताया कि उनकी माता ने अपने लंबे जीवन में परिवार को संस्कार और स्नेह से जोड़े रखा। उनके निधन से परिवार ने अपना एक वरिष्ठ और स्नेहमयी सदस्य खो दिया है। समाज के लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

"तीन बाल तपस्वियों के सम्मान में निकलेगा भव्य वरघोड़ा"

आष्टा।नगर में शनिवार 14 नवंबर को 19 दिवसीय उपवास तप करने वाली बाल तपस्वियों अर्हति, अलिशि चतरसुखा और

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत नयापुरा में शिविर आयोजित

राजस्व मंत्री ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं और अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

डीआरसंवाददाता>सीहोर





मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को इछावर तहसील के ग्राम नयापुरा और बुदनी में शिविर आयोजित किए गए। नयापुरा में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

राजस्व मंत्री ने कहा कि अभियान का उद्देश्य शासन और प्रशासन को आमजन के करीब लाना है। अधिकारी-कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनें और उनका स्थानीय स्तर पर समाधान करें, ताकि नागरिकों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि जरूरी पी पात्र व्यक्ति शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। गरीब, किसान, महिला, युवा, श्रमिक और जरूरतमंद परिवारों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

शिविर में हितग्राहियों ने योजनाओं के जीवन में आए बदलाव के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि शासकीय योजनाओं से उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनने में मदद मिली है। इस दौरान एसडीएम सलमी मिश्रा, जनपद पंचायत सीहोर की सीईओ नम्रता परस्ते, डॉक्टर जयसवाल सहित अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

बुदनी में विधायक और कलेक्टर ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

बुदनी में आयोजित शिविर में विधायक रमाकांत भार्गव, कलेक्टर वलगुरु के., और जिला पंचायत सीईओ मनोज चांदेय ने नागरिकों से संवाद कर उनकी शिकायतें सुनीं। अधिकारियों को समयबद्ध व समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री उदय योजना, राष्ट्रीय डायलिसिस निदान और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

प्रशासन मंत्री, मुख्यमंत्री जादव, सत्यम साहू, खेमजी और रितु मीणा सहित डिलाइडियों ने योजनाओं से मिले लाभ और जीवन में आए बदलाव के अनुभव साझा किए।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वच्छता अभियान में पूरी तरह राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा और प्रदेश में प्रथम स्थान मिलने पर नागरिकों को बधाई दी। एसडीएम ने योगदान देने वाले सफाई चैंपियन का शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। शिविर में जनपद अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय, एसडीएम मनीष साहू, जनपद सीईओ सुरेखा और सीएमओ डॉ. प्रशांत जैन सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

लहसुन-प्याज मंडी में दीवाली मुहूर्त पर नीलामी शुरू



डीआरसंवाददाता>आष्टा

दीपावली पर्व के अवकाश के बाद शुक्रवार को आष्टा की नवीन कृषि उपज मंडी स्थित उन्नतशील लहसुन-प्याज मंडी में दीपावली मुहूर्त पर नीलामी का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सोपाल सिंह इंजीनियर सहित जनप्रतिनिधि, व्यापारी, किसान और सामान्य नागरिक मौजूद रहे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन और आरती कर नए व्यापारिक वर्ष की शुरुआत की गई।

मुहूर्त की पहली नीलामी में किसान गोलू रुठनी की लहसुन पायदा की बोली 33 हजार रुपए प्रति क्विंटल लगी। इसे पार्वती ट्रेडिंग कंपनी के संचालक मनोज परसाराम गुप्तवाड़ा ने खरीदा। विधायक ने प्रथम किसान और खरीदार का पुष्पमाला व तोरणिका पहनाकर सम्मान किया तथा मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

विधायक सोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि किसान और व्यापारी कृषि अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण आधार हैं। दोनों के हितों का संरक्षण जरूरी है। किसानों को उपज का उचित मूल्य और व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं मिलनी चाहिए। पूर्व नया अच्छा वैज्ञानिक प्रचार और वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र गंगवाल ने भी मंडी की प्रगति के लिए आपसी सहयोग और पारदर्शिता पर जोर दिया।

व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि समर्थन किसानों को बेहतर सुविधाएं और व्यापारियों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहेगा। व्यापारिक गुप्तवाड़ा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। विधायक ने प्रथम किसान और खरीदार का पुष्पमाला व तोरणिका पहनाकर सम्मान किया गया।

पीएम श्री विद्यालय श्यामपुर का शिक्षा सचिव ने किया निरीक्षण

डीआर संवाददाता>श्यामपुर



स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ.मनु संजय गोयल ने पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्यामपुर का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर विद्यार्थियों को उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान शिक्षकों से चर्चा कर शिक्षण व्यवस्था और शैक्षणिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने शासन की मंशा के अनुरूप विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

स्थापना दिवस फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में सीहोर बाइज ने इछावर को हराया

डीआर संवाददाता>सीहोर



नगर प्रदेश स्थापना दिवस मुख्यमंत्री प्रतियोगिता का फाइनल मैच इछावर- सीहोर के बीच खेला गया दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया सीहोर की टीम 1-0 से विजय रही सीहोर की ओर से अभिनन्दु ने गोल मारकर लीग प्रतियोगिता का चैंपियन ट्रॉफी इस अवसर पर मुख्यअतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस तारीर एवं जिला खेल अधिकारी कविता दीवान और वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप सारस्वत ने खिलाड़ियों से परिचय कर अपनी ओर से शुभकामनाएं दी और उनकी ओर से आशीर्वाद दिया साथ ही खेल जीवन का महत्वपूर्ण पल है अब खेल से जुड़े रहें चुनौतियों का सामना करेंगे तो सफलता जरूर कदम चूमेगी खेल हमें संघर्ष करना सिखाता है खेल कर आगे अपने देश और प्रदेश का गान रोशन करें।

इस अवसर पर स्वागत अभिनंदन अध्यक्षता राठौर गणेश अतिरिक्त कलेक्टर पुष्पा कलेक्टरेट सीहोर मौजूद रहे। मैच के दौरान सीहोर की टीम के खिलाड़ी अभिनन्दु, अभिषेक, अंकित, अभिषेक, अंकित, अभिषेक, अंकित

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ कार्तिक शुक्ल पक्ष–05 –2083 विदिशा,दिन शनिवार,दिनांक 14 नवंबर,2026

न्यूज गैलरी

जिले की 2. 71 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को नवंबर माह की राशि अंतरित

विदिशा। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना–2023 के अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को दीपावली जिले के सिहोर में आयोजित कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के माध्यम से नवंबर माह की आर्थिक सहायता राशि अंतरित की। इससे विदिशा जिले की कुल 2,71,144 पात्र लाड़ली बहनें लाभान्वित हुईं। महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार जिले में जनपद पंचायतों के अंतर्गत 2,16,820 तथा नगरीय निकायों के अंतर्गत 54,324 हितग्राही महिलाएं शामिल हैं। सभी पात्र हितग्राहियों के स्वीकृति आदेश एवं डिजिटल भुगतान प्रक्रिया पूर्ण कर भुगतान आदेश बैंकों को प्रेषित किए जा चुके थे। कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के लिए जिले में वेबकास्ट की समुचित व्यवस्था भी की गई।

शिविर में मिले अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी में कराया भर्ती

विदिशा। मुख्यमंत्री जनविकास अभियान के तहत सिरोंज तहसील की ग्राम पंचायत बहोदा ताल में आयोजित शिविर के दौरान दो अति कुपोषित बच्चे मिले। बच्चों की स्थिति की जानकारी मिलते ही मोबाइल अधिकारियों ने तत्काल दिखाते हुए 108 एंबुलेंस बुलाई और दोनों को सिरोंज हॉस्पिटल सिरोंज के पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती कराया। यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में बच्चों को उपचार, पौष्टिक आहार और जरूरी देखभाल उपलब्ध कराई जाएगी। अधिकारियों का दावा है कि बच्चों को कुपोषण से मुक्त कर स्वस्थ बनाया है।

पुण्यतिथि पर विदिशा में श्रद्धांजलि सभा आज

विदिशा। पूर्व राज्यसभा सदस्य और अभा कायस्थ महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय नारायण सक्सेना की पुण्यतिथि पर गाय पिता मंत्री दिवस के कार्यक्रम होंगे। प्रदेश अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव के अनुसार विदिशा इकाई रविवार सुबह 11 बजे कायस्थ भवन में मिठाईयों का भोजन कराएगी। महिला इकाई क्षेत्र की जानमाताओं में विशेषज्ञ के पैकेट बांटेगी। शाम 6 बजे रामपुरा स्थित होटल पैराडाइज में श्रद्धांजलि सभा रखी गई है। इसमें संगठन और समाज परिवार के जुड़े लोग शामिल होंगे।

आज पुरातत्व संग्रहालय में छायाचित्र प्रदर्शनी लगेगी

विदिशा। कृषकों के उत्थानकर्ता में हर साल 14 नवंबर को बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। जनजातीय गौरव दिवस के विषय अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। जनजातीय को जिला पुरातत्व संग्रहालय में छायाचित्र प्रदर्शनी लगेगी।

सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों ने लगाया जाम, पुलिस से झड़प के बाद पथराव

कलेक्टर को रोकने रुसल्ली घाट की पुलिया पर बैठे ग्रामीण, पुलिस ने लाठियां घुमाईं तो लोगों ने बरसाए पत्थर य महिलाओं ने भी लगाए

डीआर संवाददाता ✍ विदीश दुबे विदिशा।



अपना–तकरीर मच गई। कुछ बुजुर्गों ने पुलिया से नीचे उतरकर बचाने का प्रयास किया और वहां से पुलिस पर पथर फेंके। पथराव के दौरान पुलिस को पीछे हटना पड़ा। करीब 10 मिनट तक घटनास्थल पर तनाव की स्थिति बनी रही। एक पत्थर नायब तहसीलदार दीक्षित अहिरवार को लगने की बात भी सामने आई, हालांकि उन्होंने इससे इनकार किया। महिलाओं ने विरोध स्वरूप रोड़े गिराने और लंबा गाने के आरोप लगाए। उनका कहना था कि वे केवल कलेक्टर को अपनी समस्या बताने आई थीं, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया।

हालात को देखते हुए एडीएम सहित अधिकारी के राय सड़क पर बैठ गए और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने ग्रामीणों को स्पष्ट दिलाया कि सड़क की मांग पर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद करीब शांत हुए।

अधिकारियों ने बताया कि कलेक्टर अंशुल गुप्ता के रुसल्ली घाट पहुंचने पर ग्रामीणों ने उन्हें अपनी तात्र पक्की सड़क नहीं होने की समस्या बताई। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान रास्ते पर पानी भर जाता है और अंधेरे में आवागमन में परेशानी होती है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की बात सुनकर अधिकारियों को तत्काल सर्वे कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। प्रशासनिक अमला देर शाम तक मौके पर मौजूद रहा।

एसडीएम ने बताया कि अनुसूचित जाति बस्ती से मुख्य मार्ग तक बनने वाली सड़क का अधिकारियों ने निरीक्षण किया है। बस्ती के लिए एक सड़क पहले से स्वीकृत है, जबकि ग्रामीण दूसरे स्थान की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों की सुविधा के अनुसार नियमित प्रक्रिया शुरू करने की बात कही।

पुलिस का दावा– किसी को चोट नहीं पहुंचाई

एसपी रोहित काहलानी ने बताया कि पुलिस ने ग्रामीणों को रास्ते से हटाने के लिए समझाइश दी थी, लेकिन कुछ लोग नहीं माने और पथराव करने लगे। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को तितर–बितर करने के लिए लाठियां घुमाईं। पुलिस के अनुसार किसी को चोट नहीं पहुंचाई गई है। घायल सभी वालों की पहचान कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी रुकसार किशोर स्वर ने भी पुलिस द्वारा किसी को नहीं मारने की बात कही है।

शेयर बाजार की गिरावट से विदिशा के एनपीएस खातों में लाखों रुपए की कमी

बाजार आधारित नई पेंशन व्यवस्था सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए बनी चिंता का विषय

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा।

शेयर बाजार में उतार–चढ़ाव का असर अब सरकारी कर्मचारियों की पेंशन निधि पर भी दिखाई देने लगा है। विदिशा जिले के सैकड़ों शिक्षकों के राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) खातों में जमा राशि में गिरावट आने से कर्मचारियों की चिंता बढ़ गई है। शिक्षकों का कहना है कि उनके और सरकार की ओर से जमा किए जाने वाले अंशदान के बावजूद खातों में राशि बढ़ने के बजाय कम हो रही है। इससे सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली पेंशन को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

एनपीएस व्यवस्था में कर्मचारियों के वेतन से निर्धारित राशि काटकर पेंशन खाते में जमा की जाती है। इसमें सरकार भी अपना निर्धारित अंशदान देती है। जमा राशि का निवेश शेयर बाजार सहित विभिन्न वित्तीय माध्यमों में किया जाता है। ऐसे में निवेश के प्रदर्शन के आधार पर खाते की कुल वैल्यू घट या बढ़ सकती है। हाल के दिनों में सेंसेक्स और निफ्टी में आई गिरावट के बाद एनपीएस खातधारकों के बीच चिंता बढ़ी है।

पुरानी पेंशन बहाली की मांग

वर्ष 2004 में केंद्र सरकार ने नई पेंशन व्यवस्था लागू की थी। इसके विपरीत पुरानी पेंशन व्यवस्था (ओपीएस) में कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद निर्धारित नियमों के अनुसार पेंशन मिलती थी। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि एनपीएस में पेंशन राशि बाजार आधारित निवेश पर निर्भर होने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक असुरक्षा का सामना करना पड़ सकता है।

एनपीएस से जुड़े कर्मचारी संगठनों ने सरकार से पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। उनका कहना है कि सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारियों को निश्चित आर्थिक सुरक्षा मिलनी चाहिए। बाजार में उतार–चढ़ाव के दौरान पेंशन निधि प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए सरकार को इस व्यवस्था की समीक्षा कर कर्मचारियों के हित में निर्णय लेना चाहिए।

जिले की 2.71 लाख से अधिक लाड़ली बहनों की राशि अंतरित

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा



राम विहार कॉलोनी के प्रमोटर सुनील गुप्ता के साथ मारपीट और कार्यालय में तोड़फोड़ के मामले में नहीं होने पर कल्याण समिति ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। शुक्रवार को समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सदस्य एसपी कार्यालय पहुंचे और एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा।

समिति के सदस्यों के अनुसार 5 नवंबर को कुछ लोग विनयहाड़े कॉलोनी स्थित सुनील गुप्ता के कार्यालय में घुस गए थे। आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर कार्यालय में तोड़फोड़ की और करीब ढाई तीन लाख रुपए लूट लिए। समाज के लोगों का आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में केवल मारपीट का प्रकरण दर्ज किया है, जबकि लूट की घटना को शामिल नहीं किया गया।

पदाधिकारियों ने लूट के आरोपों की निष्पक्ष जांच कर उचित धाराओं में कार्रवाई करने और कुलीन गुप्ता व उनके परिवार को सुरक्षा देने की मांग की। साथ ही संभावित रूप से दो जाए गए रुपए वापस दिलाने की भी मांग उठाई।

तीन माह से नहीं मिली वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन, हितग्राही परेशान

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा।

केंद्र सरकार की इंदिरा गांधी वृद्धावस्था, विधवा और विशेष पेंशन योजना के हितग्राहियों को पिछले तीन माह से पेंशन की राशि नहीं मिली है। योजना के तहत मिलने वाले 600 रुपए प्रतिमाह के भुगतान में देरी से दुर्गुणों, विधवाओं और बेसहारा विशेषा महिलाओं की परेशानी बढ़ गई है। पेंशन पर निर्भर हितग्राही अपनी रोजी के लिए योजना बैंक और नगर पालिका के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

हितग्राहियों का कहना है कि पेंशन की छोटी सी रकम से ही उनके घर का खर्च चलता है। पिछले तीन महीने से भुगतान नहीं होने के कारण उनकी जमा पूंजी भी खत्म होने लगी है। आर्थिक तंगी के बीच अब दवाओं की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो रहा है।

अधिकारियों से नहीं मिल रहा संतोषजनक जवाब

हितग्राहियों के अनुसार, जब वे पेंशन की जानकारी लेने नगर पालिका और बैंक पहुंचते हैं तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। वहीं अधिकारियों का कहना है कि यह भारत सरकार की योजना है और इसकी राशि का भुगतान सीधे केंद्र सरकार से होता है। जबकि से राशि नहीं आने के कारण भुगतान अटका हुआ है। ऐसे में हितग्राही अपनी बकाया पेंशन मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

विदिशा में मुफ्त ब्लड शुगर की जांच आज

विदिशा। अनियंत्रित जीवनशैली के कारण देश में डायबिटीज के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। बीमारी लेकी से जुगाड़ों को भी चपेट में ले रही है। विश्व डायबिटीज दिवस पर सुबेध हर्बल फार्मा विदिशा की ओर से रविवार को सुबह 9 बजे से 1 बजे तक ब्लड शुगर की निःशुल्क जांच होगी। जांच शिवायु औषधि भंडार, कन्हैया हल्दार की बाड़ा, विदिशा में होगी।

विदिशा की 2. 71 लाख लाड़ली बहनों के खातों में पहुंची नवंबर की राशि

विदिशा। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत शुक्रवार को नवंबर माह की आर्थिक सहायता राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंहपुरी जिले के पिपोरे में आयोजित कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की पात्र महिलाओं के खातों में राशि भेजी। इसमें विदिशा जिले की 2 लाख 71 हजार 144 लाड़ली बहनें लाभान्वित हुईं। महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार इनमें जनपद पंचायतों की 2 लाख 16 हजार 820 और नगरीय निकायों की 54 हजार 324 महिलाएं शामिल हैं। सभी

परिवहन सचिव एवं आयुक्त जनसंपर्क श्री मनीष सिंह ने जिला परिवहन कार्यालय का किया निरीक्षण

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा।



गुरुवारजी पल विश्वास अभियान के अंतर्गत आम नागरिकों को सामाजिक सेवाओं एवं सुविधाओं का लाभ सुलभता, पारदर्शिता और समय–सीमा में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन के परिवहन विभाग के सचिव एवं आयुक्त जनसंपर्क श्री मनीष सिंह ने आज जिला परिवहन कार्यालय विदिशा का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने जिला परिवहन कार्यालय में परिवहन विभाग के माध्यम से नागरिकों को प्रदाय की जा रही विभिन्न सेवाओं एवं सुविधाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने व्यवस्थित रूप से संचालन के लिए कियोस्क की एक सही व्यवस्थाओं इन हितग्राहियों का ऑटोमेशन कार्य पद्धतियों की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत परिवहन विभाग की सेवाओं को अधिक सहज, सुलभ और नागरिक सुविधाजनक बनाने की दिशा में यह निरीक्षण महत्वपूर्ण रहा। ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना से क्षेत्र में प्रशिक्षित चालकों को व्यवस्थित प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल को गति मिलेगी।

विद्यार्थियों से किया संवाद और शैक्षणिक गुणवत्ता परखी

डीआर संवाददाता ✍ गंजबासौदा



मुख्यमंत्री जनविकास अभियान के अंतर्गत आज कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने मिशेष तहसील के ग्राम अकबरपुर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री लोकेश जायसवाल एवं अन्य संबंधित अधिकारी भी उनके साथ उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता ने विद्यालय की सैनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कक्षा में पहुंचकर विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने बच्चों से शिक्षा के स्तर एवं पढ़ाई के संबंध में प्रश्न पूछे तथा स्कूल के बोर्ड पर गणित के उत्तर लिखवाकर उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता का आकलन किया। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई और सीखने की प्रक्रिया की जानकारी भी ली।

शाम अकबरपुर क्रमल के दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता ने छात्र जैद खान से भी संवाद किया और उससे पढ़ाई के संबंध में जानकारी प्राप्त की। शासकीय के दौरान जैद ने बताया कि वह पढ़ाई के साथ–साथ खेती–किसानी में भी अपने परिवार का हाथ बंटाते हैं। इस पर कलेक्टर ने उन्हें सीख दी कि खेती में रुचि होने के साथ ही उन्हें अपने भविष्य के लिए भी गंभीरता से पढ़ाई करनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती को लाभकारी बनाया जा सकता है।

बैठक में जोर

भाजपा एससी मोर्चा की जिला बैठक में योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर

प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार ने अंबेडकर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, अनुसूचित जाति छात्रावास का निरीक्षण

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा



भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला बैठक शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार विशेष रूप से शामिल हुए। उनकी विदिशा आगमन पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान उन्होंने अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों से संगठन को मजबूत करने के संबंध में चर्चा की। इसके बाद उन्होंने अनुसूचित जाति आवासीय छात्रावास पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार ने कार्यालय की शुरुआत बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करने के साथ की। इसके बाद उन्होंने अनुसूचित जाति कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और संगठन की गतिविधियों की जानकारी ली।

उन्होंने छात्रावास में विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही विद्यार्थियों के लिए शासन की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की स्थिति भी जानी।

इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री आवास योजना सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों से संवाद किया। उन्होंने हितग्राहियों से योजनाओं का लाभ मिलने, उनके क्रियान्वयन और पात्र लोगों तक योजनाओं की पहुंच के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा

इसके बाद भाजपा जिला कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला बैठक आयोजित हुई। संभागीय प्रभारी डॉ. जितेंद्र चौहान, जिला प्रभारी गोपाल लालटा और जिला अध्यक्ष कमलेश किरार के नेतृत्व में आयोजित बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को पार्टी संगठन से जोड़ने और मोर्चा की गतिविधियों को जिला स्तर से लेकर मंडल स्तर तक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं की भूमिका पर चर्चा की गई।

कॉलोनाइजर से मारपीट और तोड़फोड़ के चार आरोपी गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा।



राम विहार कॉलोनी के कॉलोनाइजर सुनील गुप्ता के साथ मारपीट और उनके कार्यालय में तोड़फोड़ के मामले में विदिशा लहर पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपियों का संयुक्त निरीक्षकर उन्हें न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तार आरोपियों में निखिल यादव, शेखर किरार, साहुल यादव और धन सिंह यादव शामिल हैं।

टीआई राजपाल सिंह जादौन के अनुसार, दोनों पक्ष एक ही कॉलोनी के निवासी हैं और पुरानी रंजिश के चलते विवाद हुआ था। आरोपियों ने सुनील गुप्ता के कार्यालय में मारपीट और तोड़फोड़ की थी। बाद में आरोपियों के परिजनों ने माफी मांगी, जिसके चलते गुप्ता ने पुलिस कार्रवाई से इनकार कर दिया था। हालांकि, दोबारा मारपीट की घटना के बाद उन्होंने गुरुवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर लिखतारी की मांग की। साढ़े तीन लाख रुपए ले जाने का आरोप

इधर, गंजोई वैश्य कल्याण समिति ने आरोप लगाया है कि घटना के दौरान कार्यालय में रखे करीब साढ़े तीन लाख रुपए भी आरोपी ले गए थे। समिति का कहना है कि पुलिस ने मारपीट और तोड़फोड़ का मामला दर्ज किया, लेकिन रुपए ले जाने के आरोप को गंभीरता से शामिल नहीं किया। समिति ने ज्ञापन सौंपकर लूट के आरोप की जांच और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के अनुसार, मामले के सभी पहलुओं की जांच जारी है।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन

कार्तिक शुक्ल पक्ष-05 -2083

राजगढ़,दिन शनिवार,दिनांक 14 नवंबर,2026

न्यूज गैलरी

कल से सर्दी में अंगोला शर्ट व जर्सी पहनेंगे पुलिस जवान

राजगढ़। राजगढ़ सहित भोपाल देहात जोन की पुलिस 16 नवंबर से जीलकातीन गणवेश में नजर आएगी। पुलिस महानिरीक्षक कमलेश्वर सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। इसके तहत जोन की सभी पुलिस इकाइयों के अधिकारी और कर्मचारियों को अंगोला शर्ट और जर्सी पहनने के निर्देश दिए गए हैं।

अवैध शराब पर कार्रवाई, 3052 बल्क लीटर जब्त

राजगढ़। आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए 144 प्रकरण दर्ज किए हैं। इस दौरान 3052 बल्क लीटर महुआ जब्त की गई। विभाग की टीम ने बोड़पुरा, नरसिंगढ़, राजगढ़, पैंसलावदा, सारंगपुर, खिलचीपुर, ब्यावरा क्षेत्र में संदेहास्पद स्थानों, होटल और ढाबों पर दबिश दी। सभी मामलों में कार्रवाई कर प्रकरण विवेचना में लिए गए हैं।

15 नवंबर तक दी जाएंगी फसल बीमा पॉलिसियां

राजगढ़। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के रकबा खरीफ 2026 के लिए स्पेशी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान शुरू किया गया है। 15 अक्टूबर से 15 नवंबर तक बीमित किसानों को ग्राम पंचायतों में फसल बीमा पॉलिसियां वितरित की जाएंगी।

स्कूली बच्चों से भरे टैंपो को कार ने मारी टक्कर, 7 बच्चे और चालक घायल

सोयतकलां। इंदौर-कोटा नेशनल हाईवे पर शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार अज्ञात कार ने स्कूली बच्चों से भरे टैंपो को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद टैंपो सड़क किनारे खाई में पलट गया। हादसे में सात बच्चे और टैंपो चालक घायल हो गए। चालक को गंभीर चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम खातिवाखेड़ी निवासी पुरोहित गुर्जर रोजाना टैंपो से बच्चों को सोयतकलां स्कूल पहुंचाते हैं। शुक्रवार सुबह भी वे बच्चों को लेकर जा रहे थे, तभी पीछे से आई कार ने टैंपो को टक्कर मार दी। सूचना पर थाना प्रभारी रागनागपाल फोर्स पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। उपचार के बाद बच्चों को घर भेज दिया गया, जबकि गंभीर घायल चालक पुरोहित को जालावाड़ा रेफर किया गया। पुलिस अज्ञात कार चालक की तलाश कर रही है।

भाईदूज पर तिलक लगाकर दिया आध्यात्मिकता का संदेश

सारंगपुर। भाईदूज के अवसर पर ब्रह्मकुमारीज सेवा केंद्र में सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक सद्भाव की झलक दिखाई दी। सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्मकुमारी गायत्रीजी दीदी ने मंत्री गौतम टेटवाल को तिलक लगाया और इकबाल सीगल सेट की। इस दौरान दीदी ने कहा कि भाईदूज प्रेम, विश्वास और सम्मान के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है। यह पर्व जीवन में परिवार, सद्भावना और स्नेहपूर्ण भाव अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान और सकारात्मक चिंतन से ही परिवार व समाज में सुख-शांति और आपसी प्रेम का वातावरण बनाया जा सकता है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

दुकान से चिकन फ्राई और टमाटर सॉस के जांच, सैंपल जांच के लिए भेजे

सारंगपुर। बाजार में बिकने वाले चिकन कई और होली की गुणवत्ता जैसे है इसकी जांच के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने बुधवार को सदर बाजार स्थित अशुल्क चिकन शॉप (होल्स चिकन) का निरीक्षण किया।

जनविश्वास शिविर में मंत्री टेटवाल और कलेक्टर ने सुनीं

बिजली कटौती और विद्युत चोरी के प्रकरणों की शिकायतें पहुंचीं, ऊर्जा विभाग के अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश

डीआर संवाददाता ✉ सारंगपुर।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को सारंगपुर में जनविश्वास शिविर का आयोजन किया गया। इसमें राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल, कलेक्टर डॉ. निर्मेश कुमार सिंहा और जिला पंचायत सीईओ डॉ. इंकिता गहराने ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। शिविर में प्राप्त आवेदनों और शिकायतों पर अधिकारियों से जानकारी लेकर उनके समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए गए।

शिविर में नगर की मूलभूत समस्याओं के साथ बिजली विभाग से जुड़ी शिकायतें प्रमुखता से सामने आईं। वार्ड क्रमांक 6 की पार्षद गायत्री बी आष्टिक मंसूरी ने मंत्री और कलेक्टर के सामने अपने वार्ड की समस्याएं रखीं। वहीं कई नागरिकों ने बिद्युत कटौती और अन्य परेशानियों की शिकायत की। एक युवक ने आरोप लगाया कि उसकी



शिकायत बिद्युत चोरी का झूठा प्रकरण दर्ज किया गया है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

ऊर्जा विभाग के अधिकारी को नोटिस के निर्देश

शिविर में विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति की समीक्षा के दौरान ऊर्जा विभाग के संबंधित अधिकारी अनुपस्थित मिले। इस पर कलेक्टर बालाजी कंटेलिन जारी करने के निर्देश दिए गए। मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि जनविश्वास शिविर में सभी विभागों के अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और आमजन की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका निराकरण करें।

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बताई सफलता की कहानी

शिविर में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए। ग्राम भीलाखेड़ा ने बताया कि पहले वे मजदूरी करती थीं, लेकिन समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने बोना-पलट का व्यवसाय शुरू किया। अब वे अपनी राही से लाखपति दीदी बन चुकी हैं।

इसी तरह बाछा समर्पण स्वयं सहायता समूह की जयूना ने बताया कि समूह से जुड़ने के बाद उनकी मासिक आय करीब 12 हजार रुपए हो गई है। अब उन्हें मजदूरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता। ऐसी स्वयं सहायता समूह की सरिता गोस्वामी ने बताया कि वे वर्ष 2018 से समूह निर्माण का काम कर रही हैं। समूह के माध्यम से चार लाख रुपए का ऋण लेकर उन्होंने व्यवसाय का विस्तार किया है। उनका भी समूह जनपद पंचायत सारंगपुर में सबसे अच्छे समूहों में शामिल है।

महिलाओं के अनुभव सुनने के बाद मंत्री टेटवाल ने जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा अधिकारी और सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देश दिए कि छात्राओं में स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की खरीदी को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि ग्रामीण महिलाओं को अपने उत्पादों के लिए बाजार मिल सके।

हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ वितरित

शिविर में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार के लिए ऋण वितरित किए गए। संबल योजना, पेंशन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया गया। प्रधानमंत्री सामेलि योजना के तहत हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। वहीं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत भी सात हितग्राहियों को सम्मानित किया गया। इनमें प्रत्येक हितग्राही को एक-एक लाख रुपए की राशि स्वीकृत की।

जनविश्वास शिविर में बिजली विभाग की खुली पोल, भाजपा

शिकायतों का समय पर निराकरण नहीं होने पर कलेक्टर सख्त, अनुपस्थित अधिकारी को



डीआर संवाददाता ✉ सारंगपुर।

जनविश्वास शिविर में शुक्रवार को बिजली विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों ने नाराजगी जताई। भाजपा नेता निर्मल जैन ने बी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि शिकायतों का समय पर निराकरण नहीं होने से लोगों को बार-बार अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। शिविर में ऊर्जा विभाग के अधिकारी अनुपस्थित मिले, जिस पर कलेक्टर डॉ. निर्मेश कुमार सिंहा ने संबंधित अधिकारी को तत्काल बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

शिविर में मंत्री गौतम टेटवाल और कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। कलेक्टर ने राजस्व मामलों की समीक्षा करते हुए पटवारियों को लंबित प्रकरण समय-सीमा में निपटाने और आम लोगों को अनावश्यक परेशान नहीं करने की हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मचारियों की जवाबदेही तय होगी।

इस दौरान बताया गया कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में राजगढ़ जिला प्रदेश में आठवें स्थान पर है। शिविर में पीएम स्वनिधि और पीएम विश्वकर्मा योजना के 14 हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र दिए गए। संबल और पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों को भी लाभ वितरित किया गया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने दीना-पलट, साबुन और फिनाइल निर्माण से जुड़ी अपनी गतिविधियों की जानकारी दी। मंत्री ने छात्राओं में समूहों के उत्पादों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने रायपनिंग चेंबर और आमलद्ध प्लोद्यान का किया निरीक्षण

डीआर संवाददाता ✉ राघवगढ़।



मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को कलेक्टर डॉ. निर्मेश कुमार सिंहा ने जिले में कृषि एवं उद्यानिकी गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सारंगपुर विकासखंड के ग्राम बोलखी में कृषक इंटर सिंह पचवीसिया द्वारा स्थापित 02 मैट्रिक टन क्षमता वाले रायपनिंग चेंबर की कार्यप्रणाली और उपयोगिता की जानकारी ली। इसके बाद पवोर में कृषक बेटी के आमलद्ध प्लोद्यान का निरीक्षण कर उत्पादन और रखरखाव संबंधी जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर ने दोनों गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक और व्यवस्थित प्रबंधन से किसान अपनी उपज का बेहतर प्रबंधन कर सकते हैं। इससे कृषि एवं उद्यानिकी की आमदनी बढ़ाने में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे और किसानों को भी इस योजना से जोड़ा जाए। इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी और कृषक मौजूद रहे।

खाद लेने जा रहे किसान को डम्पर ने कुचला, मौके पर मौत

चार बेटियां, एक बेटा और बुजुर्ग पिता हुए बेसहारा परिवार में इकलौते कमाने वाले थे गोपाल सिंहबेटियां और बेटा

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़।



खेती के लिए खाद लेने घर से निकले 42 वर्षीय किसान गोपाल सिंह सोनगरा की सुसनेर की पिट्टी से भरे डम्पर की टक्कर से मौत हो गई। हादसा सड़ना जाते समय हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गोपाल सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वे ग्राम सिमलिया निवासी अर्जुन सिंह सोनगरा के पुत्र थे। सूचना मिलने पर 112 वाहन की मदद से उन्हें सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

हादसे की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। श्रीमद्धीशन पुलिस डम्पर और दुर्घटना से जुड़े तथ्यों की जांच रूर रही है।

गोपाल सिंह परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में चार बेटियां, एक नाबालिग बेटा और बुजुर्ग पिता हैं। सबसे बड़ी बेटी 18 वर्ष की है, जबकि सबसे तीन बेटियां नाबालिग हैं। गोपाल की मौत से परिवार के सामने बच्चों की पढ़ाई, भरण्पोषण और शादी-शादी का संकट खड़ा हो गया है।

नाबालिग मलाकर तौर दे युवक की कार सामने से टक्कर पलटी, मौत

डीआर संवाददाता ✉ नाचलपुर

पोस्ट घर जानकीदेव मलाकर घर लॉट पर 28 वर्षीय युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उसके दो दोस्त घायल हो गए। हादसा गुरुवार रात करीब 9 बजे हुआ। सोयतकलां निवासी कमल शर्मा अपने दो दोस्तों अविनाश सिंह और राहुल कारपेंटर के साथ जीरापुर में जन्मदिन मनाने गए थे। रात में तीनों कार से सोयतकलां लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे खंभे से टकरा गई और दो से तीन बार पलट गई। हादसे में कमल की मौत हो गई, जबकि उसके दोनों दोस्तों को गंभीर चोटें आईं।

जानकारी के अनुसार सावन बयकल से ही अपने मामा के घर रह रहा था और वाहन चलाकर अपना रोजगार चलाता था। हालांकि हादसे के समय वह कार नहीं चला रहा था। घटना की सूचना मिलते पर नायलपुर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद राघव को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्यवाई शुरू कर दी है।

बिजली के तार की चपेट में आया युवक, मौत

डीआर संवाददाता ✉ ब्यावरा।

करनवास थाना क्षेत्र के बरखा गांव में 40 वर्षीय अमृत वर्मा की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। गुरुवार रात यह दर्दनाक घटना हुई। घर का काम करने के बाद वह शौच के लिए खेत की ओर गए थे। इसी दौरान खेत के पास से गुजर रहे बिजली के तार में उनका पैर फंस गया। सुबह ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही करनवास थाना प्रभारी संजीता शर्मा ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। मृतक की पहचान बरखा निवासी अमृत पुत्र भगवान वर्मा के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि वह गांव के एक ढाबे पर काम करता था। रोज की सुबह काम पर जाता और रात को घर लौटता था। गुरुवार को भी वह काम पर गया था, लेकिन रात में घर नहीं पहुंचा। करनवास थाना प्रभारी संजीता शर्मा ने बताया कि मृतक सावन पीने का आदी था। आशंका है कि नशे के नशे में पुलिया से नीचे गिरने से उसकी हादसा हुआ। पुलिस ने शव को शासकीय चिकित्सालय पहुंचाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

ट्रक की केबिन में लगी आग, पुलिसकर्मियों ने गेट का ताला तोड़कर बुझाई आग

डीआर संवाददाता ✉ खरोदिनगर



खोलुखा रोड पर शुक्रवार शाम करीब 6:45 बजे आरिफ मिलती के गैरेज में खड़े ट्रक की केबिन में अचानक आग लग गई। ट्रक के धुआं और लपटें उठती देख देहात थाने के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। गैरेज मालिक तलक मे बंद होने के कारण अंदर जाना मुश्किल था। इसके बाद एएसआई दीवान सिंह और सोनू पालकर ने आसे के गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया।

पुलिसकर्मियों ने आग लगे ट्रक की केबिन से लोगों की मदद से घरेलू गैसों के जरिए पानी की लाइन पहुंचाई और आग बुझाने का प्रयास किया। कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। इस दौरान पावर ब्रिगेड की मौके पर पहुंच गई और फायरकर्मियों ने भी बुझ रही आग पूरी तरह बुझाई। सराय रहते आग पर नियंत्रण होने से पूरा ट्रक जलने से बच गया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। घटना के दौरान सड़क पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। गैरेज देहात थाने से करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित है।

यात्रा **लोकतंत्र बचाने और वोटचोरी-नोटचोरी के खिलाफ लड़ाई हमारा उद्देश्य , दिग्विजय सिंह**

उज्जैन से अयोध्या जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा अशोकनगर पहुंची, भाजपा पर लगाए आरोपय जयवर्धन सिंह ने भी सरकार को घेरा

डीआर संवाददाता ✉ अशोकनगर



पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा अशोकनगर पहुंची। इस दौरान सोयत गांव में ही परिवार व समाज में सुख-शांति और आपसी प्रेम का वातावरण बनाया जा सकता है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

दुकान से चिकन फ्राई और टमाटर सॉस के जांच, सैंपल जांच के लिए भेजे

सारंगपुर। बाजार में बिकने वाले चिकन कई और होली की गुणवत्ता जैसे है इसकी जांच के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने बुधवार को सदर बाजार स्थित अशुल्क चिकन शॉप (होल्स चिकन) का निरीक्षण किया।

यात्रा में यात्रा निकलने के उद्देश्य को लेकर लोग रुचि करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई लोकतंत्र बचाने, वोट चोरी और नोट चोरी के खिलाफ है। राहुल गांधी दिल्ली में इस मुद्दे पर संघर्ष कर रहे हैं और हमें उनका समर्थन करना है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1972 में ये सोयता क्षेत्र के संघर्ष में आए थे, जब यह राघोगढ़ विधानसभा क्षेत्र का हिस्सा था। उन्होंने बताया कि 60 वर्ष की कांग्रेस सरकार ने विकास किया, लेकिन 15 महीने और जनता से किए गए वादों को भूल गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए काम किया, लेकिन भाजपा सरकार ने उनके हितों की अनदेखी की है।

भाजपा पर नफरत फैलाने का आरोप

दिग्विजय सिंह ने मंच पर नफरत फैलाने और झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोगों ने गरीब और अमीर सभी को एकजुट होकर अंग्रेजों को भगाया था। उन्होंने कहा कि आज देश में नफरत फैलाई जा रही है और झूठ बोला जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी यात्रा नफरत के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हमारी यात्रा किसी नेता या पार्टी के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह यात्रा लोकतंत्र को बचाने के लिए है।

प्रदेश सरकार पर जयवर्धन सिंह ने साधा निशाना

पूर्व मंत्री एवं राघोगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि प्रदेश में जनहित पर काम नहीं हो रहे हैं और किसान परेशान हैं। उन्होंने दिग्विजय से पूछा कि उनके शासनकाल में कितने किसानों ने आत्महत्या की थी। उन्होंने कहा कि आज किसी गेहूं खरीद व्यवस्थाओं को समाप्त किया जा रहा है। उन्होंने अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के उत्थान को लेकर की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अशोकनगर और गुना में राजपाल यादव को यात्रा में शामिल होने के बावजूद जल सिंचन की परियोजना का लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है।

जयवर्धन सिंह ने अनुसूचित जाति वर्ग के पड़े निराश करने और जातिवादियों के साथ अन्याय का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि संविधान आने वाले समय में इस मुद्दे पर लड़ाई लड़ेगी। यात्रा में अशोकनगर विधायक हरिवल्लभ शाक्य, चंदेरी के पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान सहित जिले के कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

कचनारिया फूड प्रोसेसिंग क्लस्टर का निरीक्षण, काम में तेजी लाने के निर्देश



डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को एएएसएनई आयुक्त कुमार पुरुषोत्तम ने ब्यावरा के ओद्योगिक क्षेत्र कचनारिया में निर्माणाधीन फूड प्रोसेसिंग क्लस्टर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की समीक्षा कर शेष विद्युतीकरण कार्य प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने शेष अविकसित भूमि के विकास के लिए डीपीआर तैयार करने को कहा। साथ ही नए उद्योगों की स्थापना और निवेश बढ़ाने के लिए सर्वसुविधा आयोजित करने तथा संभावित निवेशकों से संपर्क करने के निर्देश जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक को दिए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय से निर्धारित समय-सीमा में काम पूरा करने को कहा।